न्यूक्लियर पॉवर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Nuclear Power Corporation of India Limited
(भारत सरकार का उद्यम A Govt. of India Enterprise)
नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र Narora Atomic Power Station
डाक एनएपीएस टाउनशिप, नरौरा जिला बुलंदशहर (उ.प्र.) - 203389
PO : NAPS Township, Narora, Distt. Bulandshahr (UP) - 203389

# मानव संसाधन प्रबंधन HUMAN RESOURCE MANAGEMENT
# अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत अप्रेंटिस के नियोजन के लिए अधिसूचना
# NOTICE FOR ENGAGEMENT OF APPRENTICES UNDER THE APPRENTICES ACT, 1961

## विज्ञापन संख्या : एनएपीएस/एचआरएम/अप्रेंटिस/03/2025
## ADVERTISEMENT NO: NAPS/HRM/APPRENTICE/03/2025

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की आरम्भ तिथि**
**OPENING DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION** : **13.08.2025 (10:00 Hrs. बजे से)**

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि**
**CLOSING DATE FOR SUBMISSION OF ONLINE APPLICATION** : **02.09.2025 (16:00 Hrs. बजे तक)**

एनपीसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अधीन कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी उद्यम है, जहाँ एक ही स्थान पर नाभिकीय प्रौद्योगिकी के समस्त पहलुओं जैसेकि नाभिकीय विद्युत रिएक्टरों के स्थल चयन, डिजाइन, निर्माण, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, नवीकरण, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन, संयंत्र जीवन-काल विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन तथा डीकमीशनिंग आदि एक साथ करने की समग्र क्षमता विद्यमान है, नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र संयंत्र स्थल, नरौरा, जिला बुलंदशहर-203389 (उत्तर प्रदेश) में अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 एवं अप्रेंटिस नियम, 1992 के तहत **ट्रेड अप्रेंटिस, डिप्लोमा अप्रेंटिस एवं स्नातक अप्रेंटिस के लिए निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन** निम्नानुसार आमंत्रित करता है :

NPCIL, a premier Public Sector Enterprise under Department of Atomic Energy, Government of India having comprehensive capability in all facets of Nuclear Technology namely, Site Selection, Design, Construction, Commissioning, Operation, Maintenance, Renovation, Modernization & Upgradation, Plant life Extension, Waste Management and Decommissioning of Nuclear Reactors in India under one roof, **invites applications in the prescribed format for Trade Apprentice, Diploma Apprentice and Graduate Apprentice** under The Apprentices Act, 1961 and The Apprentice Rules, 1992 in the Narora Atomic Power Station, Plant Site, Narora, Dist.- Bulandshahr (Uttar Pradesh), as per following:

### 1. ट्रेड/ संकाय का विवरण Details of Trade/ Discipline:

**a)**

| अप्रेंटिस के प्रकार Type of Apprentice | ट्रेड/ संकाय का नाम Name of Trade/ Discipline | पदों की संख्या No. of Seats | प्रति माह वृत्तिका Stipend Per Month (Rs.) | आयु Age | अप्रेंटिसशिप की अवधि Duration of Apprenticeship |
|---|---|---|---|---|---|
| ट्रेड अप्रेंटिस Trade Apprentice | आईटीआई फिटर ITI Fitter | 25 | **Rs 7,700/-** (यदि एक साल का आई टी आई का कोर्स किया गया है) (for those who have completed one year of ITI course) **Rs 8,050/-** (यदि दो साल का आई टी आई का कोर्स किया गया है) (for those who have completed two years of ITI course) | **02.09.2025** को न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष होनी चाहिए। Minimum age 18 years and maximum 24 years as on **02.09.2025.** | अधिकतम 01 वर्ष Maximum 01 Year |
| | आईटीआई इलेक्ट्रीशियन ITI Electrician | 16 | | | |
| | आईटीआई इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक ITI Electronics Mechanic | 09 | | | |
| डिप्लोमा अप्रेंटिस | मैकेनिकल Mechanical | 05 | **Rs 8,000/-** | **02.09.2025** को न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Diploma Apprentice | इलेक्ट्रिकल Electrical | **03** | | 25 वर्ष होनी चाहिए। Minimum age 18 years and maximum 25 years as on **02.09.2025.** | |
| | इलेक्ट्रानिक्स Electronics | **02** | | | |
| स्नातक अप्रेंटिस Graduate Apprentice | मैकेनिकल Mechanical | **05** | **Rs 9,000/-** | **02.09.2025** को न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 26 वर्ष होनी चाहिए। Minimum age 18 years and maximum 26 years as on **02.09.2025.** | |
| | इलेक्ट्रिकल Electrical | **03** | | | |
| | सिविल Civil | **02** | | | |

**b) वर्ग अनुसार वितरण Category-wise Distribution**:

**<u>ट्रेड अप्रेंटिस TRADE APPRENTICE</u>**

| **क्र. सं. S. No.** | **ट्रेड/ संकाय का नाम Designated Trade/ Disciplines** | **अ.जा. SC** | **अ. ज. जा. ST** | **अ.पि.व. (एन.सी.एल) OBC (NCL)** | **आ.क.व. EWS** | **अना. UR** | **सीटों की संख्या No. of seats** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईटीआई फिटर* ITI Fitter* | 05 | 01 | 07 | 02 | 10 | 25 |
| 2. | आईटीआई इलेक्ट्रीशियन* ITI Electrician* | 03 | - | 04 | 02 | 07 | 16 |
| 3. | आईटीआई इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक* ITI Electronics Mechanic* | 02 | - | 02 | 01 | 04 | 09 |
| **कुल Total** | | **10** | **01** | **13** | **05** | **21** | **50** |

**<u>डिप्लोमा अप्रेंटिस DIPLOMA APPRENTICE</u>**

| **क्र. सं. S. No.** | **ट्रेड/ संकाय का नाम Designated Trade/ Disciplines** | **अ.जा. SC** | **अ. ज. जा. ST** | **अ.पि.व. (एन.सी.एल) OBC (NCL)** | **आ.क.व. EWS** | **अना. UR** | **सीटों की संख्या No. of seats** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैकेनिकल* Mechanical* | 01 | - | 01 | 01 | 02 | 05 |
| 2. | इलेक्ट्रिकल* Electrical* | 01 | - | - | - | 02 | 03 |
| 3. | इलेक्ट्रानिक्स* Electronics* | - | - | 01 | - | 01 | 02 |
| **कुल Total** | | **02** | **-** | **02** | **01** | **05** | **10** |

**<u>स्नातक अप्रेंटिस GRADUATE APPRENTICE</u>**

| **क्र. सं. S. No.** | **ट्रेड/ संकाय का नाम Designated Trade/ Disciplines** | **अ.जा. SC** | **अ. ज. जा. ST** | **अ.पि.व. (एन.सी.एल) OBC (NCL)** | **आ.क.व. EWS** | **अना. UR** | **सीटों की संख्या No. of seats** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैकेनिकल Mechanical | 01 | - | 01 | 01 | 02 | 05 |
| 2. | इलेक्ट्रिकल Electrical | 01 | - | - | - | 02 | 03 |
| 3. | सिविल Civil | - | - | 01 | - | 01 | 02 |
| **कुल Total** | | **02** | **-** | **02** | **01** | **05** | **10** |

**संक्षिप्ति Abbreviation:**

| | |
|---|---|
| अ.जा. SC | अनुसूचित जाति Scheduled Caste |
| अ.ज.जा. ST | अनुसूचित जनजाति Scheduled Tribe |
| अ.पि.व (एन.सी.एल) OBC (NCL) | अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) Other Backward Class (Non Creamy Layer) |
| बे.नि. PwBD | बेंचमार्क निशक्तजन Persons with Benchmark Disability |
| आ.क.व. EWS | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग Economically Weaker Section |
| अना. UR | अनारक्षित Unreserved |

**भारत सरकार के आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु छूट Age Relaxation as per Government of India Orders:**

| आरक्षित वर्ग के लिए आयु में छूट<br>Age relaxation for Reserved category | अधिकतम आयु में छूट<br>Maximum Age relaxation |
|---|---|
| अ.जा. / अ.ज.जा. SC / ST | 05 वर्ष तक की छूट Relaxation upto 05 Years |
| अ.पि.व (एन.सी.एल) OBC (NCL) | 03 वर्ष तक की छूट Relaxation upto 03Years |
| | |
| **बेंचमार्क निशक्तजन वर्ग के लिए आयु में छूट<br>Age relaxation for PwBD category** | **अधिकतम आयु में छूट<br>Maximum Age relaxation** |
| सामान्य एवं ईडब्लूएस General & EWS | 10 वर्ष तक की छूट Relaxation upto 10 Years |
| अ.जा. / अ.ज.जा. SC / ST | 15 वर्ष तक की छूट Relaxation upto 15 Years |
| अ.पि.व (एन.सी.एल) OBC (NCL) | 13 वर्ष तक की छूट Relaxation upto 13 Years |

*** भारत सरकार के आदेशों के अनुसार दो पद ट्रेड अप्रेंटिस के एवं एक पद डिप्लोमा अप्रेंटिस के चिहित बेंचमार्क निःशक्तजनों के लिए आरक्षित हैं।**
*** 02 seats of Trade Apprentice and 01 seat of Diploma Apprentice are reserved for identified PwBD, as per Government of India Orders.**

बेंचमार्क निशक्तजन अभ्यर्थियों के लिए नि: शक्तता **40 प्रतिशत अथवा उससे अधिक** होनी चाहिए।
For PwBD candidates, disability should be **40 % or more.**

## 2. शैक्षिक अर्हता Educational Qualification:

| क्र.सं. S. No. | अप्रेंटिस के प्रकार Apprentice type | ट्रेड/संकाय Trade/Disciplines | आवश्यक अर्हता Qualification Required | शैक्षिक अर्हता के प्रकार Mode of Educational Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ट्रेड अप्रेंटिस Trade Apprentice | आईटीआई फिटर ITI Fitter | संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाणपत्र। ITI Pass Certificate in respective Trade. | पूर्णकालिक/नियमित Full-time/Regular |
| 2. | | आईटीआई इलेक्ट्रीशियन ITI Electrician | | |
| 3. | | आईटीआई इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक ITI Electronics Mechanic | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | डिप्लोमा अप्रेंटिस Diploma Apprentice | मैकेनिकल Mechanical | संबंधित संकाय में डिप्लोमा के समतुल्य किसी राज्य सरकार द्वारा / विश्वविद्यालय द्वारा / राज्य या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान द्वारा स्थापित राज्य परिषद अथवा तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदत्त इंजीनियरी अथवा तकनीकी में डिप्लोमा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र।<br>Diploma Pass Certificate in engineering or technology granted by a State Council or Board of Technical Educational established by a State Government/ by a University/ by an Institute recognized by the State or Central Government as equivalent to a diploma in respective Discipline. | पूर्णकालिक/नियमित Full-time/Regular |
| 5. | | इलेक्ट्रिकल Electrical | | |
| 6. | | इलेक्ट्रानिक्स Electronics | | |
| 7. | स्नातक अप्रेंटिस Graduate Apprentice | मैकेनिकल Mechanical | किसी संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा / संसद के अधिनियम द्वारा संबंधित संकाय में उपाधि प्रदान करने के लिए शक्ति प्राप्त किसी संस्थान द्वारा इंजीनियरी अथवा तकनीकी में स्नातक उपाधि।<br>Graduate Degree in engineering or technology granted by a statutory University/by an institution empowered to grant such degrees by an Act of Parliament in respective Discipline. | पूर्णकालिक/नियमित Full-time/Regular |
| 8. | | इलेक्ट्रिकल Electrical | | |
| 9. | | सिविल Civil | | |

**3. एनपीसीआईएल में बेंचमार्क निशक्त जन के लिए चिह्नित ट्रेड: निशक्तता 40% या उससे अधिक होनी चाहिए**
**Identified trades for PwBD in NPCIL: Disability should be 40% or more**

| अप्रेंटिस के प्रकार Apprentice type | ट्रेड/संकाय Trade/Disciplines | बेंचमार्क निशक्त जन के लिए चिह्नित Identified for PwBD |
|---|---|---|
| ट्रेड अप्रेंटिस Trade Apprentice | आईटीआई फिटर एवं इलेक्ट्रीशियन ITI Fitter & Electrician | बहरा या गूँगा, बहरा तथा गूँगा, कम दृष्टि, एक टांग<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), Low Vision (LV), One Leg (OL) |
| | आईटीआई इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक ITI Electronics Mechanic | बहरा या गूँगा, बहरा तथा गूँगा, कम दृष्टि, एक टांग, दोनों टाँगें<br>Deaf (D) or Dumb (d), Deaf and Dumb (Dd), One Leg (OL), Both Legs (BL) |

| | | |
|---|---|---|
| डिप्लोमा अप्रेंटिस<br>Diploma Apprentice | मैकेनिकल<br>Mechanical | बहरा, ऊँचा सुनने वाला, एक भुजा , एक टांग, प्रमस्तिष्किय पक्षघात, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड हमला पीड़ित, मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित अंग कार्य-बाधा एक भुजा एवं एक टांग के साथ), मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित न्यूरोलॉजिकल/अंग कार्य-बाधा के बिना), विशिष्ट अधिगम अक्षमता, मानसिक रूग्णता, बहुदिव्यांगता<br>Deaf (D), Hard of Hearing (HH), One Arm (OA), One Leg (OL), Cerebral Palsy (CP), Leprosy Cured (LC), Dwarfism (Dw), Acid Attack Victim (AAV), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-with associated limb dysfunction of OA & OL), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-without any associated neurological/ limb dysfunction), Specific Learning Disability (SLD), Mental Illness (MI), Multiple Disabilities (MD) |
| | इलेक्ट्रिकल<br>Electrical | बहरा, ऊँचा सुनने वाला, एक भुजा, एक टांग, प्रमस्तिष्किय पक्षघात, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड हमला पीड़ित, मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई -संबंधित अंग कार्य-बाधा एक भुजा एवं एक टांग के साथ), मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित न्यूरोलॉजिकल/अंग कार्य-बाधा के बिना), आटिज्म स्पेकट्रम डिसऑर्डर (अत्यल्प), विशिष्ट अधिगम अक्षमता, मानसिक रूग्णता, बहुदिव्यांगता<br>Deaf (D), Hard of Hearing (HH), One Arm (OA), One Leg (OL), Cerebral Palsy (CP), Leprosy Cured (LC), Dwarfism (Dw), Acid Attack Victim (AAV), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-with associated limb dysfunction of OA & OL), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-without any associated neurological/ limb dysfunction), Autism Spectrum Disorder-Mild (ASD-M), Specific Learning Disability (SLD), Mental Illness (MI), Multiple Disabilities (MD) |
| | इलेक्ट्रॉनिक्स<br>Electronics | बहरा, ऊँचा सुनने वाला, एक टांग, प्रमस्तिष्किय पक्षघात, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड हमला पीड़ित, मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित अंग कार्य-बाधा एक टांग के साथ), मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई -संबंधित न्यूरोलॉजिकल/अंग कार्य-बाधा के बिना), आटिज्म स्पेकट्रम डिसऑर्डर (अत्यल्प), विशिष्ट अधिगम अक्षमता, मानसिक रूग्णता, बहुदिव्यांगता<br>Deaf (D), Hard of Hearing (HH), One Leg (OL), Cerebral Palsy (CP), Leprosy Cured (LC), Dwarfism (Dw), Acid Attack Victim (AAV), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-with associated limb dysfunction of OL), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-without any associated neurological/ limb dysfunction), Autism Spectrum Disorder-Mild (ASD-M), Specific Learning Disability (SLD), Mental Illness (MI), Multiple Disabilities (MD) |
| स्नातक अप्रेंटिस<br>Graduate Apprentice | मैकेनिकल<br>Mechanical | कम दृष्टि, बहरा, ऊँचा सुनने वाला, एक भुजा, एक टांग, मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित अंग कार्य-बाधा एक भुजा, एक टांग के साथ), मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित न्यूरोलॉजिकल/अंग कार्य-बाधा के बिना), प्रमस्तिष्किय पक्षघात, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड हमला पीड़ित, विशिष्ट अधिगम अक्षमता, , मानसिक रूग्णता, बहुदिव्यांगता<br>Low Vision (LV), Deaf (D), Hard of Hearing (HH), One Arm (OA), One Leg (OL), Cerebral Palsy (CP), Leprosy Cured (LC), Dwarfism (Dw), Acid Attack Victim (AAV), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-with associated limb dysfunction of OA & OL), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-without any associated neurological/ limb dysfunction), Specific Learning Disability (SLD), Mental Illness (MI), Multiple Disabilities (MD) |

| | | |
|---|---|---|
| | इलेक्ट्रिकल Electrical | बहरा, ऊँचा सुनने वाला, एक टांग, प्रमस्तिष्किय पक्षघात, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड हमला पीड़ित, मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित अंग कार्य-बाधा एक टांग के साथ), मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित न्यूरोलॉजिकल/अंग कार्य-बाधा के बिना), आटिज्म स्पेकट्रम डिसऑर्डर (अत्यल्प), विशिष्ट अधिगम अक्षमता, मानसिक रूग्णता, बहुदिव्यांगता<br>Deaf (D), Hard of Hearing (HH), One Leg (OL), Cerebral Palsy (CP), Leprosy Cured (LC), Dwarfism (Dw), Acid Attack Victim (AAV), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-with associated limb dysfunction of OL), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-without any associated neurological/ limb dysfunction), Autism Spectrum Disorder-Mild (ASD-M), Specific Learning Disability (SLD), Mental Illness (MI), Multiple Disabilities (MD) |
| | सिविल Civil | बहरा, ऊँचा सुनने वाला, एक भुजा, एक टांग, प्रमस्तिष्किय पक्षघात, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड हमला पीड़ित, मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित अंग कार्य-बाधा एक भुजा एवं एक टांग के साथ), मेरूदंड विकृति एवं मेरूदंड चोट (एसडी एवं एसआई-संबंधित न्यूरोलॉजिकल/अंग कार्य-बाधा के बिना), विशिष्ट अधिगम अक्षमता, मानसिक रूग्णता, बहुदिव्यांगता<br>Deaf (D), Hard of Hearing (HH), One Arm (OA), One Leg (OL), Cerebral Palsy (CP), Leprosy Cured (LC), Dwarfism (Dw), Acid Attack Victim (AAV), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-with associated limb dysfunction of OA & OL), Spinal Deformity and Spinal Injury (SD & SI-without any associated neurological/ limb dysfunction), Specific Learning Disability (SLD), Mental Illness (MI), Multiple Disabilities (MD) |

## 4. प्रशिक्षण का स्थान Place of Training:

प्रशिक्षण का स्थान नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र, नरौरा, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश – 203389 होगा।
The place of training shall be Narora Atomic Power Station, Narora, Bulandshahr, Uttar Pradesh – 203389.

## 5. प्रशिक्षण के लिए शारीरिक योग्यता का मापदंड Standard of physical fitness for training:

| | |
|---|---|
| अभ्यर्थियों की शारीरिक स्वस्थता अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 एवं अप्रेंटिस नियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार निश्चित किया जाएगा। तथापि, निम्नलिखित न्यून मानदंड है, जिसे अभ्यर्थियों द्वारा पूरा किया जाना है:<br>Physical fitness of the candidates will be ascertained as per Apprentices Act, 1961 and Apprenticeship Rules, 1992. However, following are the minimum standards that the candidates should satisfy: | |
| शारीरिक योग्यता का मापदंड<br>Standard of Physical Fitness | अभ्यर्थी सांसर्गिक या संक्रामक रोग से मुक्त हो। उसे किसी ऐसी बीमारी से ग्रसित नहीं होना चाहिए जो अप्रेंटिसशिप करने से बढ़ती हो या उसे अप्रेंटिसशिप के लिए अयोग्य कर दे अथवा अन्य लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती हो, उसे किसी भी प्रकार के यक्ष्मा रोग (टी.बी.) सक्रिय या सुप्त से मुक्त होना चाहिए।<br>A candidate should be free from evidence of any contagious or infectious disease. He should not be suffering from any disease, which is likely to be aggravated by apprenticeship or is likely to render him unfit for apprenticeship or to endanger of health of the public. He should be free from evidence of Tuberculosis in any form, active or healed. |
| अभ्यर्थी को निम्नलिखित न्यूनतम मापदंड पूर्ण किए जाने चाहिए :<br>The Candidates should have the following minimum standards: | |
| ऊँचाई Height | 137 सेमी एवं अधिक / 137cms and above |
| वजन Weight | 25.4 किलोग्राम एवं अधिक / 25.4 Kg and above |
| छाती का फुलाव<br>Chest expansion | 3.8 सेमी से कम नहीं / Not less than 3.8 cms |
| टिप्पणी Note | अप्रेंटिस के नियोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा कॉर्पोरेशन की आवश्यकता के अनुसार उसके चिकित्सीय रूप से स्वस्थ पाए जाने के अधीन होगा।<br>The engagement of the apprentice is subject to his / her being declared medically fit by the Competent Authority as per the requirement of Corporation. |

## 6. चयन प्रक्रिया Selection Procedure:

नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र, नरौरा, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश के 16 किमी परिधि में निवास करने वाले पात्र स्थानीय अभ्यर्थियों को आरक्षण मानदण्डों को पूरा करने के अधीन प्रथम वरीयता दी जाएगी। यदि यथा उल्लिखित आरक्षण मानदण्ड शर्तों एवं श्रेणी वार वितरण के अनुसार स्थानीय पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो स्थानीय क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्र के पात्र / योग्य अभ्यर्थियों पर तदनुसार विचार किया जाएगा।

The first preference will be given to the eligible local candidates living within 16 km radius of Narora Atomic Power Station, Narora, District Bulandshahr, Uttar Pradesh subject to fulfillment of reservation criteria. If the eligible candidates from local area as per the stipulated reservation criteria and category-wise distribution as mentioned are not found then eligible / merit candidates from other than local area shall be considered accordingly.

- अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग संबंधित ट्रेड / संकाय में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर की जाएगी।
  Shortlisting of candidates will be done based on the percentage of marks obtained by the candidate in the respective trade / Discipline.
- प्राप्त अंकों के प्रतिशत समान होने की स्थिति में, पहले जन्मे उम्मीदवार पर पहले विचार किया जाएगा।
  In case of tie in the percentage of marks, the candidate born earlier shall be considered.
- जन्म तिथि के समान होने की स्थिति में मैट्रिक (10वी) में अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा।
  In case of tie in the Date of Birth, candidates with higher percentage obtained in Matriculation ($10^{th}$) will be placed higher on the merit list.

## 7. सामान्य शर्तें General Conditions:

a. केवल 18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
Only Indian Nationals above 18 years of age are eligible to apply.

b. अभ्यर्थियों को निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में अपलोड करे हुए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत भर कर आवेदन अंतिम तिथि तक या उससे पहले प्रस्तुत करना चाहिए।
Candidates should submit duly filled application in the prescribed online format with all the necessary documents uploaded on or before the above mentioned closing date.

c. वह अभ्यर्थी जो अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के तहत किसी सरकारी अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या निजी औद्योगिक संगठन में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण ले चुके हैं या वर्तमान में ले रहे हैं, आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।
Candidate who has already undergone or are currently undergoing Apprenticeship under the Apprentice Act, 1961 in any Government or PSU or Private Industrial Organisation are not eligible to apply.

d. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रकिया के समाप्त होने तक एक वैध एवं सक्रिय व्यक्तिगत ई-मेल आईडी एवं मोबाईल नम्बर रखें । एक बार पंजीकृत हो जाने के बाद ई-मेल आईडी एवं मोबाईल नम्बर बदलने की अनुमति नहीं होगी|
Candidates are advised to have a valid and active personal e-mail ID & mobile number till the completion of the Selection Process. No change in the e-mail ID and mobile number will be allowed once registered.

e. केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन समाप्त करने की तारीख अर्थात **02.09.2025** से 5 वर्ष के भीतर डिप्लोमा / स्नातक डिग्री योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे ही राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) पोर्टल पर आवेदन करने के पात्र हैं।
Only those candidates who have passed Diploma / Graduate degree qualifying examination within 5 years from the date of closing online application **i.e 02.09.2025** are eligible to apply on National Apprenticeship Training Scheme (NATS) portal.

f. कृपया नोट करें कि उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई, जारी किया जाता है तो उसे केवल एनपीसीआईएल वेबसाइट "www.npcilcareers.co.in" पर प्रकाशित किया जाएगा।
Please note that Corrigendum/Addendum, if any, issued on the above advertisement, will be published only on the NPCIL website "www.npcilcareers.co.in".

g. प्रबंधन किसी विशेष ट्रेड / संकाय में सीटों की संख्या निरस्त करने अथवा बदलने और यहाँ तक कि प्रशिक्षुओं के चयन की पूरी प्रकिया को ही बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।
Management reserves the right to cancel or alter the number of seats of particular trade / discipline or even the entire process of engagement of apprentices without assigning any reasons whatsoever.

h. निर्धारित ट्रेड / संकाय में शिक्षु प्रशिक्षण ले रहा प्रत्येक व्यक्ति शिक्षु अधिनियम, 1961 और शिक्षु नियम, 1992 के अनुसार एनपीसीआईएल के साथ शिक्षु संविदा करेगा। वह शिक्षु संविदा शिक्षु प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने पर समाप्त होगी। शिक्षु संविदा की कोई भी समय-पूर्व समाप्ति अथवा समय विस्तार उक्त अधिनियम, 1961 और उसके साथ पढ़े जाने वाले शिक्षु नियम, 1992 और समय समय पर होन वाले संशोधनों के अनुसार किए जाएंगे।

Any person engaged to undergo apprentice training in a designated trade / discipline shall enter in to contract of apprenticeship with NPCIL as per the Apprentices Act, 1961 and the Apprenticeship Rules, 1992. The contract of apprenticeship shall terminate on the expiry of the period of apprenticeship training. Any premature termination or extension of contract of apprentice shall be dealt as per the provisions of the Act, 1961 read with the Apprentices Rules, 1992 and amendments from time to time.

i. अनुपस्थित होने वाले व्यक्ति उनके प्रशिक्षण पर हुए पूरे व्यय जोकि वृत्तिका के रूप में प्राप्त किए गए धन को लौटाने के लिए जिम्मेदार होंगे, जिसका निर्धारण केंद्रीय शिक्षु सलाहकार करेंगे।

Those who absent themselves are liable to refund whole cost of their training i.e. the amount received as stipend as determined by Central Apprenticeship Advisor.

j. अप्रेंटिस लिया जाना एवं प्रशिक्षण देना पूरी तरह से अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुपालन में है, एवं प्रशिक्षण पूर्ण होने पर अप्रेंटिस को रोजगार देने की कोई बाध्यता नहीं है|

The engagement and training are strictly in compliance with the provision of the Apprentices Act 1961, and there is no obligation for employment of the Apprentices on Completion of their training.

k. **पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र:** नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र संयंत्र स्थल**,** नरौरा**,** अत्यंत संरक्षित क्षेत्र होने के कारण अप्रेंटिस को केवल जिला पुलिस प्राधिकारियों द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के पश्चात ही लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अप्रेंटिस को संबंधित संस्थान द्वारा जारी चरित्र**/**आचरण प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

**Police verification certificate:** NPCIL, NAPS being highly protected area, apprentices will be engaged only after submission of Police Verification Certificate issued by District Police Authorities. In addition, the apprentice needs to submit Character/Conduct Certificate from the concerned institution.

l. दस्तावेजों के सत्यापन के समय अजा / अजजा / अपिव के सभी अभ्यर्थी, जाति प्रमाणपत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत सक्षम प्राधिकारी द्वारा केंद्रीय सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी वैध जाति प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति, मूल प्रति के साथ सत्यापन के लिए प्रस्तुत करेंगे। ओबीसी प्रमाण पत्र में क्रीमी लेयर / नॉन-क्रीमी लेयर स्थिति के बारे में उल्लेख होना चाहिए। केवल वे ओ.बी.सी. अभ्यर्थी जिनके पास गैर-क्रीमी लेयर का प्रमाण-पत्र है, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण के लिए पात्र हैं। ओ.बी.सी. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय क्रीमी लेयर / नॉन-क्रीमी लेयर जो लागू हो की स्थिति स्पष्ट करेंगे।

All the candidates belonging to SC / ST / OBC category shall produce self-attested copy of the valid caste certificate in the prescribed 'Central Government' format from the Competent Authority empowered to issue such certificate along with originals for verification at the time of documents verification. OBC certificate should mention about Creamy layer / Non-Creamy layer status. OBC candidates with certificate having the "Non-Creamy Layer Clause" only will be eligible for reservation as per Government of India guidelines. The OBC applicants have to indicate their status as “Creamy Layer” or “Non Creamy Layer” as the case may be while filling online application.

m. अर्हता, आवेदनों की स्वीकार्यता अथवा आपत्ति, चयन का ढंग, आंशिक अथवा पूर्ण रूप से चयन प्रक्रिया का निरस्तीकरण, इत्यादि से संबंधित सभी मामलों में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होगा। इस विषय में किसी पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा। सीटों का भरा जाना अभ्यर्थी की उपयोगिता के आधार पर पूरी तरह प्रबंधन के विवेक पर होगा और अनुपयोगिता / अभ्यर्थियों की अपर्याप्त संख्या के कारण यदि इनमें से कुछ सीटें नहीं भरी जाती हैं तो रखे जाने के विषय में कोई दावा पैदा नहीं होगा।

The decision of Management will be final and binding on all candidates on all the matters relating to eligibility, acceptance or objection of the applications, mode of selection, cancellation of the selection process either in part or full etc. No correspondence will be entertained in this regard. Filling up of the seats is solely at the discretion of the management based on suitability of candidate and no claim will arise for engagement, if some of these seats are not filled due to unsuitability / insufficient number of candidates.

n. चयनित अभ्यर्थियों को कोई हॉस्टेल / परिवहन सुविधा शिक्षुता के लिए प्रदान नहीं की जाएगी।

No Hostel / Transport facility shall be provided to the selected candidates for apprenticeship.

o. प्रशिक्षण पूर्ण होने पर अप्रेंटिस को एनपीसीआईएल में रोजगार का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।
The apprentice after completion of the training shall have no right to claim any employment in NPCIL.

**<u>रोजगार की बाध्यता:</u> अप्रेंटिस को रखा जाना अप्रेंटिस अधिनियम, 1961, के उपबंधों के अनुसार है और इसलिए एनपीसीआईएल के लिए यह बाध्यकारी नहीं होगा कि वे किसी भी अप्रेंटिस को जिसने अपनी अप्रेंटिसशिप अवधि को पूरा कर लिया है, रोजगार का प्रस्ताव दें और न ही यह अप्रेंटिस के लिए बाध्यकारी होगा कि वे एनपीसीआईएल के अधीन रोजगार स्वीकार करें।**

**<u>Obligation for employment:</u> The engagement of apprentice is as per the provisions of the Apprentices Act, 1961, and therefore neither shall be obligatory on the part of NPCIL to offer any employment to any apprentice who has completed the period of his/her apprenticeship training nor shall it be obligatory on the part of apprentices to accept an employment under NPCIL.**

p. <u>आयु सीमा, योग्यता तथा अन्य की निर्धारित तिथि ऑन-लाइन आवेदन भरने की निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात **02.09.2025** होगी।</u>
<u>The cut-off date for reckoning age limit, qualification etc. would be closing date prescribed for submitting online application **i.e 02.09.2025.**</u>

q. किसी भी जानकारी के लिए, उम्मीदवार अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) से संदर्भ ले सकते हैं।
For queries, candidates may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) section.

**8.** <u>अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय मूल दस्तावेजों के साथ उनके मामले में यथाप्रयोज्य निम्नलिखित प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियाँ हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी:-</u>
<u>Candidates are required to submit invariably self-attested copy of the following certificates / documents as applicable to his / her case along with duly signed application form at the time of document verification with originals:-</u>

1. सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र / एसएससी या 10वीं अंक तालिका / प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हो।
   Birth Certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format by the Government / SSC or 10th Mark Sheet / Certificate indicating Date of Birth.

2. शैक्षणिक योग्यता (10वीं / 12वीं का अंक तालिकाएं)
   Educational Qualification (10th / 12th marksheets).

3. आईटीआई / डिप्लोमा / स्नातक उपाधि प्रमाण-पत्र और अंक तालिकाएं सभी सेमेस्टर / वर्षों की।
   ITI / Diploma / Graduate Degree certificate and Mark sheets of all semesters / years.

4. जिन आवेदकों को सीजीपीए / जीपीए / एसजीपीए या लेटर ग्रेड से सम्मानित किया गया है, उन्हें अपने संबंधित संस्थान / कॉलेज / विश्वविद्यालय से प्रमाणित रूपांतरण तालिका प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। सीजीपीए ग्रेडिंग के रूपांतरण के संबंध में; यदि यह संबंधित विश्वविद्यालय / संस्थान द्वारा प्रदान नहीं किया गया है और सीजीपीए को प्रतिशत में परिवर्तित करने का सूत्र उपलब्ध नहीं है, तो निम्नलिखित मानकों का पालन किया जाएगा
   Applicants, who have been awarded CGPA / GPA / SGPA or letter grades, will be required to produce the authenticated conversion table from their respective Institute / College / University. As regards, conversion of CGPA grading; if it is not provided by the respective University / Institute and formula to convert CGPA into percentage is not available, following standards will be followed:-

| Percentage of marks in qualifying examination | Equivalent CGPA/CPI on 10 Point Scale | Equivalent CGPA/CPI on 9 Point Scale | Equivalent CGPA/CPI on 8 Point Scale | Equivalent CGPA/CPI on 7 Point Scale | Equivalent CGPA/CPI on 6 Point Scale | Equivalent CGPA/CPI on 5 Point Scale | Equivalent CGPA/CPI on 4 Point Scale |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55% | 5.9 | 4.9 | 4.4 | 3.8 | 3.3 | 2.7 | 2.0 |
| 60% | 6.5 | 5.4 | 4.8 | 4.2 | 3.6 | 3.0 | 2.2 |
| 65% | 7.0 | 6.0 | 5.3 | 4.6 | 4.0 | 3.3 | 2.5 |

5. भारत सरकार द्वारा अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. (नॉन क्रीमीलेयर) के लिए निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध जाति प्रमाणपत्र।
   Valid Caste Certificate issued by the Competent Authority in the prescribed Government of India format for SC / ST / OBC (NCL).

6. अन्य योग्यता / अनुभव प्रमाण-पत्र , यदि कोई
   Other qualification / experience certificates, if any.

7. ईडब्ल्युएस श्रेणी के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वर्ष **2025-26** हेतु वैध आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र।
   Income and Assets Certificate valid for the year **2025-26** issued by a Competent Authority in the prescribed Government of India format for EWS category.

8. बेंचचमार्क निशक्तजन के मामले में निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निशक्तता प्रमाणपत्र|
   Disability Certificate issued by the Competent Authority in the prescribed format in respect of Person with Benchmark Disabilities (PwBD).

9. सम्बंधित पुलिस प्राधिकारी द्वारा जारी पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र
   Police verification certificate issued by concerned District Police Authority.

10. संबंधित संस्थान से चरित्र / आचरण प्रमाण-पत्र
    Character / Conduct Certificate from the concerned Institution.

11. आधार कार्ड  Aadhar Card

12. पैन कार्ड  PAN Card

13. बैंक खाता विवरण  Bank Account Details

14. हाल ही में खीची गई  पासपोर्ट के आकार की 2 फोटो
    Recent passport size 2 numbers of photographs.

15. **स्थायी पते का निवास प्रमाण पत्र यदि एनएपीएस, सन्यंत्र स्थल के 16 किमी परिधि में निवास करते हैं।**
    **Residential Proof of permanent address if living within 16 km Radius of NAPS, Plant Site.**

**9**. आवेदक की अभ्यर्थिता अस्थायी होगी और बाद में प्रमाण पत्र / साक्ष्यों आदि के सत्यापन के अधीन होगी। यदि किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने असत्य या गलत जानकारी प्रस्तुत की है, तो अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

The candidature of the applicant would be provisional and subject to subsequent verification of certificates / testimonials etc.  At any stage if it is found that the candidate has furnished false or incorrect information, then the candidature of the candidate is liable to be cancelled.

**10.** इस प्रक्रिया के किसी भी स्तर जिसमें अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण ज्वाइनिंग भी शामिल है, पर यदि निम्नलिखित में से कुछ भी पाया जाता है तो, उक्त आवेदक को अयोग्य ठहराया जा सकता है, अभियोजित किया जा सकता है और आवेदक के आवेदन / अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण को तुरंत निरस्त कर दिया जाएगा तथा एनपीसीआईएल इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार पर विचार नहीं करेगा।

At any stage of this process or joining of Apprenticeship Training, if any of the following is detected, the said applicant will be liable to be disqualified, prosecuted and debarred for apprenticeship in NPCIL and applicant’s application / apprenticeship training shall be rejected forthwith and NPCIL will not entertain any correspondence on the issue:

a) गलत सूचना दी है या गलत दस्तावेज प्रसतुत किए है या Has provided false information or submitted false documents or

b) संबंधित सूचना को छिपाया है या Has suppressed relevant information or

c) पद हेतु निर्धारित मानदंड पूरे नहीं करते है या Does not meet the eligibility criteria prescribed for the apprenticeship training or

d) छदमरूप धारण करने के दोषी पाए जाते हैं या Is found guilty of impersonation or

e) उसने अमानवीय या अनुचित फोटोग्राफ अपलोड किए है। Has uploaded non-human or irrelevant photograph.

## 11. आवेदन कैसे करें How to Apply:-

1. इच्छुक अभ्यर्थियों जो पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं, को प्रथम National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) / National Apprenticeship Training Scheme 2.0 (NATS 2.0) पोर्टल पर स्वयं को निम्नानुसार पंजीकृत करना होगा:
Interested candidates who fulfill the eligibility criteria should first register themselves (as a candidate) on National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) / National Apprenticeship Training Scheme 2.0 (NATS 2.0) portal as given below:

1.1 ट्रेड अप्रेंटिस को National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) पोर्टल "https://www.apprenticeshipindia.gov.in" पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा।

Trade apprentices need to register themselves at National Apprenticeship Promotion Scheme 2.0 (NAPS 2.0) portal "https://www.apprenticeshipindia.gov.in".

1.2 डिप्लोमा अप्रेंटिस एवं स्नातक अप्रेंटिस को National Apprenticeship Training Scheme 2.0 (NATS 2.0) पोर्टल "https://www.nats.education.gov.in/" पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा।

The Diploma Apprentice and Graduate Apprentice need to register themselves at National Apprenticeship Training Scheme 2.0 (NATS 2.0) portal "https://www.nats.education.gov.in/".

1.3 अभ्यर्थी यह अवश्य सुनिश्चित करे, कि उसका बैंक खाता उसके आधार से संलग्न हैं |
The candidate must ensure that, his/her Aadhar is seeded with Bank Account.

2. पंजीकृत होने के बाद किसी पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी एनपीसीआईएल वेबसाइट "www.npcilcareers.co.in" पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी शिक्षु (अप्रेन्टिस) प्रशिक्षण के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। **एनपीसीआईएल वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन 13.08.2025 (10:00 बजे) से उपलब्ध होगा और आनलाइन आवेदन 02.09.2025 (16:00 बजे) तक किया जा सकता है।**
After registering there, candidates meeting the prescribed eligibility criteria for any post may submit the application form available at the NPCIL website "www.npcilcareers.co.in". Before applying, the candidate shall ensure his/her eligibility for apprentice training. **The online application form will be available on the website from 13.08.2025 (at 10:00 Hrs.) and the online submission of application will be open till 02.09.2025 (16:00 Hrs.).**

3. जिन अभ्यर्थियों ने एनएपीएस के वेबपोर्टल "https://www.apprenticeshipindia.gov.in" या एनएटीएस के वेबपोर्टल "https://www.nats.education.gov.in/" पर स्वयं को पंजीकृत करा लिया है उन्हे निम्नानुसार यहा भी आवेदन करना होगा:
Those candidates who have enrolled for apprenticeship on NAPS web portal "https://www.apprenticeshipindia.gov.in" or NATS web portal "https://www.nats.education.gov.in/" have to also apply for the following:

3.1 ट्रेड अप्रेंटिस को नरौरा परमाणु विद्‌युत केंद्र – एनपीसीआईएल की **इश्टैब्लिश्मेंट नामांकन पहचान संख्या - E05200901473**, के द्वारा भी उक्त पद के लिए आवेदन करना होगा।

Trade apprentice needs to apply for Narora Atomic Power Station, Nuclear Power Corporation of India Ltd. through the **Establishment Enrollment Identity No. E05200901473**.

3.2 स्नातक अप्रेंटिस एवं डिप्लोमा अप्रेंटिस को नरौरा परमाणु विद्‌युत केंद्र एनपीसीआईएल की **इश्टैब्लिश्मेंट नामांकन पहचान संख्या – NUPBUC093592** के द्वारा भी उक्त पद के लिए आवेदन करना होगा।

The Graduate apprentice and Diploma apprentice needs to apply for Narora Atomic Power Station, Nuclear Power Corporation of India Ltd**.** through the **Establishment Enrollment Identity No. NUPBUC093592.**

**टिप्पणी: आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि संबंधित ईश्टैब्लिश्मेंट आईडी में आवेदन नहीं किया गया है।**
**NOTE: The applications will not be accepted, if not applied in the respective Establishment Ids.**

4. पंजीकृत पूर्ण करने एवं पंजीकरण संख्या प्राप्त करने हेतु सभी निम्नलिखित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है:
It is mandatory to upload following documents to complete the registration process and to get registration number:

4.1 जन्म प्रमाण-पत्र या 10वी की अंक तालिका / प्रमाणपत्र Birth certificate or 10th mark-sheet / certificate

4.2 10वी की अंक तालिका 10th mark-sheet

4.3 यथाप्रयोज्य आईटीआई / डिप्लोमा / स्नातक उपाधि प्रमाण-पत्र ITI / Diploma / Graduate Degree certificate, as applicable

4.4 यथाप्रयोज्य सभी सेमेस्टर / वर्षों की आईटीआई / डिप्लोमा / स्नातक अंक तालिकाएं ITI / Diploma / Graduate Mark- sheets obtained in all Semesters / years, as applicable

4.5 अपने संबंधित संस्थान / कॉलेज / विश्वविद्यालय से सीजीपीए / जीपीए / एसजीपीए या लेटर ग्रेड को प्रतिशत में परिवर्तन करने हेतु प्रमाणित रूपांतरण प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो Authentic conversion certificate from their respective Institute / College / University for converting CGPA / GPA / SGPA or letter grade to percentage, if applicable.

4.6 निवास प्रमाण-पत्र यदि एनएपीएस, सन्यंत्र स्थल के 16 किमी परिधि में निवास करते हैं Residential Proof if living within 16 km Radius of NAPS, Plant Site.

4.7 जाति प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो Caste Certificate, if applicable

4.8 वैध आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो Valid Income and Assets Certificate, if applicable

4.9 निशक्तता प्रमाण-पत्र, यदि लागू हो Disability Certificate, if applicable

5. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थियों को जेपीजी फॉर्मेट में फोटोग्राफ होना चाहिए, जिसका साइज 50 केबी से अधिक न हो और जो कम से कम 240 x 180 पिक्सेल डायमेंशन में हो तथा अधिकतम 640 x 480 पिक्सेल डायमेंशन में हो एवं हस्ताक्षर को स्कैन करके जेपीजी फॉर्मेट में जिसका साइज 20 केबी से अधिक ना हो और जो कम से कम 80 x 200 पिक्सेल डायमेंशन में हो तथा अधिकतम 160 x 560 पिक्सेल डायमेंशन में हो। फोटो रंगीन होना चाहिए, उसकी पृष्टभूमि हल्के रंग की होनी चाहिए, अधिमान्य श्वेत पृष्टभूमि और यदि अभ्यर्थी चश्मा पहनते है तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परिवर्तन न हो और अभ्यर्थी की आँखें स्पष्ठ दिखाई देती हो।

Before applying online, candidates should have photograph in JPG format, of size not more than 50KB and a minimum of 240 x 180 pixels and maximum of 640 x 480 pixels in dimensions and scanned signature in JPG format of size not more than 20KB and a minimum of 80 x 200 pixels and maximum of 160 x 560 pixels in dimensions. The photograph should be in colour, with light coloured background, preferable white colour background and if candidates wear glasses make sure that there are no reflections and candidates eyes can be clearly seen.

हिंदी रूपांतर में किसी प्रकार की विसंगति की दशा में अंग्रेजी का प्रारूप ही सभी प्रयोजन हेतु मान्य होगा।
In case of any discrepancy in Hindi version, English version will prevail for all purposes.

**उप. प्रबंधक (मा.सं.प्र.) Dy. Manager (HRM)**
**कृते न्यूक्लियर पावर कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
**For Nuclear Power Corporation of India Limited**
**नरौरा परमाणु विद्युत केंद्र Narora Atomic Power Station**

"स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो"
एनपीसीआईएल, भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित करता है।
न्यूक्लियर विद्युत – एक अपरिहार्य विकल्प